संख्याः 78 / P/XXIV-3/11/02(24)11

(125)

प्रेषक,

सुबर्द्धन,
अपर सचिव(स्वतन्त्र प्रभार),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

उप महानिदेशक,
एन0सी0सी0 निदेशालय,
बंगला नं0पी–4 नागनाथ रोड,
घंगोड़ा कैन्ट, देहरादून उत्तराखण्ड।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 देहरादून, दिनांकः 9 सितम्बर, 2011

विषयः वित्तीय वर्ष 2011–12 के द्वितीय त्रैमास में राष्ट्रीय सेना छात्र दल (एन0सी0सी0) की विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन हेतु अवचनबद्ध मदों में प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 3208/2011–12/06/अवचनबद्ध /वित्त दिनांकः 05 अगस्त, 2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के द्वितीय त्रैमास में राष्ट्रीय सेना छात्र दल (एन0सी0सी0) की विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन हेतु संलग्नक में उल्लिखित विवरणानुसार अनुदान संख्या–11 के अन्तर्गत अवचनबद्ध मदों के अधीन आयोजनागत पक्ष में रू0 9,85,000 एवं आयोजनेत्तर पक्ष में रू0 15,53,000 इस प्रकार कुल धनराशि रू0 25,38,000 (रूपये पच्चीस लाख अड़तीस हजार मात्र) की धनराशि को निम्न प्रतिबन्धों के साथ आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय केवल स्वीकृत चालू योजनाओं पर ही नियोजन विभाग द्वारा आवंटित परिव्यय की सीमा तक किये जाने का दायित्व आपका होगा और किसी भी दशा में इस धनराशि का उपयोग चालू वर्ष की नयी मदों के कियान्वयन हेतु नहीं किया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वर्तमान वित्तीय नियमों/शासनादेशों के तहत निम्नलिखित शर्तों के अधीन किया जायेगाः–

1– योजनाओं की विभिन्न मदों पर व्यय शासन के वर्तमान नियमों एवं आदेशों के अनुरूप ही किया जायेगा तथा जहाँ आवश्यक हो सक्षम अधिकारी की पूर्व सहमति/स्वीकृति प्राप्त की जायेगी। फर्नीचर/उपकरण आदि के क्रय हेतु संगत शासनादेशों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 में निहित प्राविधानों अनुसार कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त ही यथाआवश्यक धनराशि आहरित/व्यय की जायेगी।

2–यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त स्वीकृत धनराशि को किसी ऐसी मद पर व्यय न किया जाय जिसके लिए वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैन्युल के नियमों के अन्तर्गत अन्य सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता हो।

3– अतिरिक्त अनुदान की प्रत्याशा में अनाधिकृत व्यय न किया जाय और इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष की देनदारी अगले वर्ष के लिए कदापि न छोड़ी जाय।

4–आवंटनों के अनुसार आहरित व्यय विवरण निर्धारित तिथि तक शासन को अवश्य उपलब्ध करा दिये जाय।

9/9/11

5– मितव्ययता के सम्बन्ध में जारी किये गये शासनादेशों अथवा भविष्य में जारी होने वाले शासनादेशों का विशेष रूप से पालन किया जायेगा।

6– व्यय सम्बन्धी जो भी बिल कोषागार को भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जाय उसमें लेखाशीर्षक के साथ–साथ अनुदान संख्या का भी उल्लेख किया जाय।

7– स्वीकृत धनराशि की जिलेवार फांट सम्बन्धित जिलों एवं शासन को तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

8– वित्तीय वर्ष 2011–12 में इसके पूर्ववर्ती वर्षो के एरियर भुगतान यदि कोई हो, के विवरण की सूचना अलग से रखी जाय।

9– अप्रैल 2010 से नये पदों के भरे जाने के फलस्वरूप होने वाले व्यय के सापेक्ष श्रेणवार पदों (समूह–क, ख, ग, एवं घ) की सूचना रखी जाय।

10–व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुवल, वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों तथा अन्य अस्थायी आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्यक प्राप्त कर ली जाय।

11– निर्माण कार्य पर व्यय करने से पूर्व प्रत्येक कार्य के आंगणनों/पुनरीक्षित आंगणनों पर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन के साथ–साथ विस्तृत आंगणनों पर सक्षम अधिकारी की टैक्निकल स्वीकृति भी अवश्य प्राप्त कर ली जाय। निर्माण कार्यों की लक्ष्य के अनुसार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा/अनुश्रवण अनिवार्य रूप से किया जाय।

12–किसी अनुदान के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि का बगैर शासन की सहमति के किसी भी प्रकार से पुर्नविनियोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध है।

13– बजट मैन्युवल के विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से भेजी जाने वाली सूचना समय से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

14– वाह्य सहायतित परियोजनाओं, अनुसूचित जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान तथा अनुसूचित जन जातियों के लिए ट्राइबल सबप्लान के अन्तर्गत आवंटित परिव्यय के सापेक्ष बजट प्राविधान को अन्य योजनाओं हेतु व्यावर्तित न किया जाय।

15– किसी भी शासकीय व्यय हेतु भण्डार क्रय प्रक्रिया उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008, वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन नियम) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–पॉच भाग–1(लेखा नियम) आय–व्ययक सम्बन्धी नियम (बजट मैनुअल) तथा अन्य सुसंगत नियम, शासनादेशों आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

16–अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की त्रैमासिक फेजिंग प्रशासनिक विभाग अनिवार्य रूप से वित्त विभाग को उपलब्ध करायेंगे, जिससे राज्य स्तर पर कैशप्लों निर्धारित किये जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न उत्पन्न हो। धनराशि का आहरण एवं व्यय वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि किसी भी दशा में बैंक में पार्किंग हेतु निर्गत नहीं की जायेगी।

3. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों को तत्काल अवमुक्त कर दी जाय। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि जिन मदों में बजट व्यवस्था है, उन मदों में फील्ड स्तर पर बजट उपलब्ध न होने की स्थिति उत्पन्न न हों।

4. प्रत्येक माह वित्त विभाग को आहरण–वितरण अधिकारियों तथा कोषाधिकारियों को अवमुक्त का विवरण बी0एम0–17 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

5. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक में अनुदान संख्याः 11 के अधीन लेखा शीर्षक 2202 सामान्य शिक्षा, 80–सामान्य के अधीन संलग्नक में उल्लिखित ब्यौरेवार शीर्षक/सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6. यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 पत्र संख्याः 172/P/XXVII (3)/2011–12 दिनांकः 15 सितम्बर, 2011 में प्रदत्त निर्देशों के अनुक्रम में निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्न यथोक्त

भवदीय,

(सुबर्द्धन)
अपर सचिव
(स्वतन्त्र प्रभार)।

संख्याः 78/P/XXIV-3/11/02(24)11 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार,उत्तराखण्ड देहरादून।
2– निजी सचिव,मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।
3– निजी सचिव,मा0 शिक्षा मंत्री,उत्तराखण्ड।
4– निजी सचिव,मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5– निजी सचिव, सचिव विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन।
6– आयुक्त, कुमायूँ मण्डल नैनीताल/गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
7– निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएं,23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला देहरादून।
9– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
10– समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11– बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय सचिवालय।
12– वित्त विभाग (अनुभाग–3)उत्तराखण्ड शासन।
13– कम्प्यूटर सेल, वित्त विभाग।
14– एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर,देहरादून।
15– भाषा अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन।
16– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जी0पी0तिवारी)
अनुसचिव।

शासनादेश संख्याः 78 / P/XXIV-3/11/02(24)11दिनांकः सितम्बर, 2011 का संलग्नक]

(धनराशि हजार रू0 में)

क्र सं	अनुदान संख्याः 11 लेखाशीर्षक एवं मानक मद	बजट प्राविधान		द्वितीय त्रैमास हेतु प्रस्तावित धनराशि	
		आयोजनागत	आयोजनेत्तर	आयोजनागत	आयोजनेत्तर
1	2	3	4	7	8
	2202 सामान्य शिक्षा **80 सामान्य** **001 निदेशन तथा प्रशासन** **03 एन.सी.सी. निदेशालय अधिष्ठान**				
1	11 लेखन सामग्री ओर फार्मो की छपाई	30	–	8	–
2	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	100	–	75	–
3	18 प्रकाशन	10	–	8	–
4	19 विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	10	–	8	–
5	44 प्रशिक्षण व्यय	10	–	8	–
6	45 अवकाश यात्रा व्यय	50	–	13	–
7	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर का क्रय	50	–	38	–
8	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	50	–	13	–
	03 का योग	545	–	171	–
	2202 सामान्य शिक्षा **80 सामान्य** **800 अन्य व्यय** **04 राष्ट्रीय सेना छात्र दल (एन.सी.सी.)**				
1	07 मानदेय	–	2500	–	625
2	11 लेखन सामग्री ओर फार्मो की छपाई	–	200	–	150
3	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	–	200	–	150
4	16 व्यवसायिक व विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	–	600	–	150
5	18 प्रकाशन	–	25	–	19
6	19 विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	–	25	–	19
7	44 प्रशिक्षण व्यय	–	20	–	15
8	45 अवकाश यात्रा व्यय	–	200	–	50
9	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर का क्रय	–	200	–	150
10	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	–	300	–	225
	04 का योग	–	4270	–	1553

क्रमशः–2

	2202 सामान्य शिक्षा **80 सामान्य** **800 अन्य व्यय** **05 एन.सी.सी. रिमाउण्ट एण्ड वैटनरी स्क्वार्डन की स्थापना**				
1	07 मानदेय	20	–	15	–
2	11 लेखन सामग्री ओर फार्मो की छपाई	20	–	15	–
3	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	25	–	19	–
4	42 अन्य व्यय	200	–	50	–
5	45 अवकाश यात्रा व्यय	50	–	13	–
6	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	50	–	38	–
7	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	30	–	23	–
	05 का योग	395	–	173	–
	2202 सामान्य शिक्षा **80 सामान्य** **800 अन्य व्यय** **07 एयर स्क्वार्डन एन0सी0सी0 की स्थापना**				
1	07 मानदेय	10	–	7	–
2	11 लेखन सामग्री ओर फार्मो की छपाई	20	–	15	–
3	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	60	–	45	–
4	16 व्यवसायिक व विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	600		450	
5	42 अन्य व्यय	200	–	50	–
6	45 अवकाश यात्रा व्यय	50	–	13	–
7	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	50	–	38	–
8	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	30	–	23	–
	07 का योग	1020	–	641	–
	अनुदान सं0 11 का योग	**1960**	**4270**	**985**	**1553**
	योग आयोजनागत एवं आयोजनेत्तर	6230		2538	

आयोजनागत एवं आयोजनेत्तर (985 + 1553) = 2538 हजार (रूपये पच्चीस लाख अड़तीस हजार मात्र)

(जी0पी0तिवारी)
अनुसचिव।